प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

...............

- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश–कई स्थानों पर ओले गिरे। लोगों को मिली गर्मी से राहत।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मादक पदार्थ, खनन माफिया और संगठित अपराध के विरूद्ध सघन निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश में विभिन्न हादसों में 7 लोगों की मौत।
- जयपुर रेलवे स्टेशन के री–डवलपमेंट के कारण 7 अगस्त तक जयपुर होकर चलने वाली ट्रेनों का संचालन रहेगा बाधित।

...............

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चला। कई जगह ओले भी गिरे। टोंक जिले मे देर शाम कई स्थानो पर बादल गरजने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। मालपुरा उपखण्ड मे अचानक मौसम का मिजाज बदला ओर रूपायली गाँव मे बारिश के साथ ओले भी गिरे। टोंक मुख्यालय पर भी देर शाम बारिश हुई । बीकानेर में भी कल तेज़ हवा के साथ हुई बारिश तथा ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हमारे संवाददाता ने बताया कि हालांकि इस दौरान कई जगह पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई।

...............

करौली जिले के सपोटरा उपखंड में देर शाम आंधी और बारिश के साथ ओले गिरने के बाद मौसम सुहाना हो गया। धौलपुर के राजाखेडा में भी कल बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। पश्चिमी राजस्थान के जिलों के निवासियों को भी कल गर्मी से राहत मिली। सरहदी ज़िले बाड़मेर में कल रात अचानक मौसम में बदलाव आया। हमारे संवाददाता ने बताया कि धोरीमन्ना इलाक़े में ओले भी गिरे।

...............

जालौर जिले भर में तेज गर्मी और उमस के बाद कल रात आंधी चली। बाद में बिजली चमकने और बादल गरजने के साथ हल्की बरसात हुई। बालोतरा में भी बूंदाबांदी हुई। जोधपुर शहर में शाम को घने बादल छा गए। शहर के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। भीलवाडा जिले में देर रात आसींद, रायला ,गुलाबपुरा और करेड़ा क्षेत्र में कहीं कहीं हल्की तो कई जगह मूसलाधार बारिश हुई। सवाई–माधोपुर जिले में भी तेज बरसात हुई। पाली जिले के सोडावास गांव में भी बारिश हुई, वहीं पाली शहर में ठंडी हवा चलने से मौसम सुहावना हो गया। इस बीच पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 39 से 44 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 44 दशमलव 1 डिग्री तापमान जालौर में रिकॉर्ड हुआ।

...............

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्य में मादक पदार्थ, खनन माफिया और संगठित अपराध के विरूद्ध सघन निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। श्री पंत ने अपराधियों को सजा दिलवाने के लिए राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा तुरंत सेंपल परीक्षण करने के लिए भी कहा है। वे कल जयपुर में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कारागार, गृह रक्षा, अभियोजन तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विभागाध्यक्षों के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में श्री पंत ने कहा कि महिलाओं के साथ किसी भी तरह की घटना होने पर उसकी जांच कर अपराधी को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी कार्मिकों तथा कम्युनिटी पुलिसिंग को भी क्रियाशील किया जाये। मुख्य सचिव ने जेलों में नवीनतम तकनीकों का अध्ययन कर जैमर लगवाने के भी निर्देश दिए, ताकि जेल से अपराधी, बाहर सम्पर्क ना कर सके।

...............

बिहार के पूर्व उप–मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी का कल रात नई दिल्ली के एम्स में कैंसर के कारण निधन हो गया। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर

शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनका आकस्मिक निधन अपूरणीय क्षति है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक सांसद और बिहार के उप–मुख्यंमंत्री के रूप में श्री मोदी का राजनीतिक मर्यादा में गहरा विश्वास था। उन्होंने हमेशा शालीनता और शिष्टाचार के उदाहरण प्रस्तुत किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनका सौम्य स्वभाव, कुशल प्रशासक के रूप में उनका योगदान और सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा उनके व्यक्तित्व में झलकती थी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के लिए इस दुःख की घड़ी में ईश्वर से संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

...............

प्रदेश में अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये। जयपुर के बगरू थाना इलाके में ट्रक की चपेट में आने से कल एक कैंटर चालक की मौत हो गई। ये हादसा जयपुर से अजमेर की तरफ जा रहे कैंटर के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से हुआ। इस दौरान चालक खिड़की से उछलकर सड़क पर गिरा गया। तभी पीछे से आए ट्रक ने उसे कुचल दिया। एक अन्य हादसा चौंमू थाना इलाके में हुआ, जहां चलते ट्रक के टायर निकलने से ट्रक अनियंत्रित हो गया। हादसे में बारह साल के बच्चे सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जैसलमेर के पोकरण में सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई। मोटरसाईकिल सवार ये युवक लाठी गांव से धोलिया की तरफ जा रहा था। इस दौरान एक कार की टक्कर से उसकी मौत हो गई। करौली धौलपुर नेशनल हाईवे पर एक ट्रक की चपेट में आने से मोटर साईकिल सवार महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गये। भरतपुर संभाग के डीग–जनुथर सड़क मार्ग पर नाहरौली गांव के पास हुई। मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उधर कांमा की बड़ी सब्जी मंडी में सब्जी लेने आए एक दुकानदार की करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मृतक दौलावास का रहने वाला था।

...............

जयपुर रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्म के री–डवलपमेंट के कार्य के चलते जोधपुर से दिल्ली जाने वाली मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 70 दिन तक जयपुर नहीं आयेगी। जैसलमेर और काठगोदाम के बीच चलने वाली रानीखेत एक्सप्रेस भी जयपुर नहीं आएगी। जयपुर स्टेशन पर निर्माण कार्य के चलते अजमेर और जयपुर मंडल की कुल 6 ट्रेनों का संचालन रद्द किया गया है, जबकि आठ अन्य ट्रेनों को भी बदले मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि जोधपुर– भोपाल को रेगुलेट किया गया है। यह ट्रेन 16, 22 और 23 मई को रेगुलेट रहेगी। जयपुर रेलवे स्टेशन के री–डवलपमेंट कार्य के कारण 7 अगस्त तक जयपुर होकर चलने वाली ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा।

...............

झुंझुनूं के सूरजगढ़ के पास रामरख की ढाणी के रहने वाले सेना के जवान नंदूसिंह शेखावत का आज उनके पैतृक गांव में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि नंदूसिंह लेह लद्दाख में आर्मी के गोला बारूद डिपो में ट्रैड्समैन मेट के पद पर कार्यरत थे। आठ मई को डिपो में ड्यूटी के समय एक बम फटने से वे घायल हो गए थे, उन्हें पहले लेह लद्दाख के ही आर्मी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई में रैफर कर दिया गया। जहां पर कल ईलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

...............

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी के प्रवेश पत्र जारी कर दिये हैं। यह परीक्षा कल से 18 मई तक 379 शहरों में आयोजित की जायेगी। उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

...............